लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1781

10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के अंतर्गत संवितरित धनराशि

1781. श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव:
श्री सुनील कुमार:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत आज की तारीख तक संवितरित की गई कुल धनराशि कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा अब तक स्वीकृत विशेष फाइबर और उनके अनुप्रयोगों से संबंधित अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की संख्या और उक्त परियोजनाओं के लिए आवंटित कुल धनराशि कितनी है; और

(ग) क्या उक्त मिशन के अंतर्गत बिहार सहित राज्यवार विशेषकर पश्चिमी चंपारण जिले में किसी स्टार्ट-अप को सहायता दी गई है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): देश में तकनीकी वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, वर्ष 2020 में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) शुरू किया गया था, जिसका कुल परिव्यय 1,480 करोड़ रुपये था। इस मिशन के तहत, जनवरी, 2026 तक 540.24 करोड़ रुपये की रकम जारी की जा चुकी है।

(ख): एनटीटीएम के तहत कुल 184 अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 165.88 करोड़ रुपये की लागत वाली 39 परियोजनाएं विशेष फाइबर और उनके अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुमोदित की गई हैं।

(ग): एनटीटीएम के तहत, "तकनीकी वस्त्रों में आकांक्षी इनोवेटर्स के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान (ग्रेट)" नामक एक विशेष पहल बिहार राज्य सहित पूरे देश में तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में स्टार्ट-अप उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रियान्वित की गई है। वर्तमान में, एनटीटीएम के तहत कुल 24 स्टार्ट-अप को मंजूरी दी गई है। मंज़ूर किए गए स्टार्ट-अप्स की राज्य-वार जानकारी निम्नलिखित है:

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	**स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाओं की संख्या**
आंध्र प्रदेश	1
दिल्ली	5
गुजरात	3
कर्नाटक	2
महाराष्ट्र	6
पंजाब	1
तमिलनाडु	4
उत्तर प्रदेश	1
उत्तराखंड	1
कुल	**24**

***